प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 10.12.2022 , विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय मानवाधिकार संगठन गोरखपुर द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन चेतना तिराहा गोलघर मे आयोजित किया गया। आयोजन गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा जटाशंकर के सहयोग से सम्पादित हुआ। इस शिविर मे डा0 अवधेश अग्रवाल प्रभारी गोरखनाथ ब्लड बैंक मे रक्त दानियों तथा जन समूह को रक्त दान से सम्बंधित विषयो पर विस्तार से जानकारी दी, उन्होने बताया रक्त दान से अनेकानेक लाभ है जिसमे कुछ रोगों की जॉच हो जाती है तथा हृदयाघात, उच्च रक्तचाप तथा कुछ बिमारीयो की सम्भावनाये कम हो जाती है। गुरू द्वारा अध्यक्ष श्री जसपाल सिंह जी ने समाज मे रक्त दान के प्रति फैली भ्रॉतियों को दूर करने की चेष्टा की उन्होने आगे बताया की यद्यपि अब रक्त दान के लिए लोग स्वेच्छा से आगे आ रहे है परन्तु आभी भी इसमे और अधिक सुधार की आवश्यकता है। संस्था के प्रभारी अध्यक्ष श्री राजेश पाण्डेय जी ने वहा उपस्थित स्वजनो को विशेष रूप से रक्त दाताओं को उत्प्रेरित करते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति जो 18 वर्ष से 65 वर्ष के बीच है जिसके वजन 45 कि0ग्रा से अधिक है वह हर तीन माह के अन्तराल मे रक्त दान कर सकता है। श्री पाण्डेय ने आगे गोरखनाथ ब्लड बैंक के अधिकारीयो , कर्मचारीयों का आभार व्यक्त किया। ब्लड बैंक के तकनिशियन गीरीश, अखिलेश गुंजा तथा चिकित्साअधिकारी डा0 आर0 के0 श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।